# बिहार सरकार
## विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

पत्रांक– वि॰प्रा॰(III) ब$^{3}$ –13 / 2016– / पटना, दिनांक–

प्रेषक,

**अतुल सिन्हा,**
निदेशक

सेवा में,

प्राचार्य,
राजकीय पोलिटेकनिक, राघोपुर (सुपौल) / जमुई, बांका, कैमूर, मधेपुरा, टेकारी (गया), शेखपुरा, मुंगेर, डिहरी–ऑन–सोन, अस्थावां, मोतिहारी, कटिहार, गया, सहरसा, कामेश्वर ना॰ सिंह पो॰ समस्तीपुर, ब्रजकिशोर ना॰ रा॰ पो॰ गोपालगंज एवं राजकीय महिला पोलिटेकनिक, पटना / मुजफ्फरपुर।

विषय :– वित्तीय वर्ष 2016–17 में आयोजना भिन्न (गैर योजना) बजट ''मुख्य शीर्ष –2203–तकनीकी शिक्षा, उप मुख्यशीर्ष–00, लघुशीर्ष– 105– बहुशिल्प (पोलिटेकनिक) विद्यालय, मांग संख्या–43, उपशीर्ष –0001–प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम'' (विपत्र कोड-- एन 2203001050001) के अधीन अतिरिक्त आवंटन।

महाशय,

निदेशानुसार, वित्तीय वर्ष 2016–17 में पूर्व निर्गत आवंटनादेश संख्या–1(आ), दिनांक 12.04.2016, संख्या–6(आ), दिनांक 10.05.2016 एवं संख्या–87(आ), दिनांक 03.10.2016 के क्रम में विषयांकित बजटशीर्ष के अधीन अन्य विषयशीर्षों में द्वितीय अनुपूरक के माध्यम से उपबंधित राशि से 31 मार्च 2017 तक नियमानुसार व्यय हेतु विभागान्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक, राघोपुर (सुपौल) / जमुई, बांका, कैमूर, मधेपुरा, टेकारी (गया), शेखपुरा, मुंगेर, डिहरी–ऑन–सोन, अस्थावां, मोतिहारी, कटिहार, गया, सहरसा, कामेश्वर ना॰ सिंह पो॰ समस्तीपुर, ब्रजकिशोर ना॰ रा॰ पो॰ गोपालगंज एवं राजकीय महिला पोलिटेकनिक, पटना / मुजफ्फरपुर को कुल रू॰ 1,51,00,000=00 (एक करोड़ इक्यावन लाख रूपये) मात्र का अतिरिक्त आवंटन संलग्न विवरणी के अनुसार प्रदान किया जाता है।

2. संबंधित संस्थान अपने नाम के स्तम्भ में अंकित विषयशीर्षवार आवंटित राशि की सीमा तक व्यय करेंगे।

3. यह आवंटन वित्त विभाग के पत्रांक–2561 / वि(2) दिनांक 17.04.1998, पत्रांक–4572, दिनांक 03.06.2016 एवं पत्रांक–1211, दिनांक 15.12.2016 के आलोक में दिया जा रहा है। अतएव उक्त परिपत्रों तथा वित्त विभाग के अन्य सुसंगत परिपत्रों में निहित दिशा–निर्देशों का अनुपालन निकासी एवं व्ययन के पूर्व निश्चित रूप से किया जाय।

4. उक्त आवंटित राशि से न्यायालय से आच्छादित किसी भी तरह के मामलों का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार किया जा सकेगा।

5. उक्त आवंटन में व्यावसायिक एवं विशेष सेवाएँ विषयशीर्ष में आवंटित राशि से शिक्षकों एवं तकनीकी / प्रशासनिक सहायक कर्मियों के सृजित पदों के विरुद्ध रिक्त पदों पर अनुबंध के आधार पर विभाग द्वारा चयनित एवं कार्यरत शिक्षकों एवं तकनीकी / प्रशासनिक सहायक कर्मियों को अनुबंधित अवधि तक उनके द्वारा सम्पादित कार्यो के लिए निर्धारित दर से मानदेय का भुगतान नियमानुसार किया जा सकेगा।

6. उक्त आवंटन में व्यावसायिक एवं विशेष सेवाएँ विषयशीर्ष में आवंटित राशि से संस्थानों में सृजित पदों के विरूद्ध रिक्त पदों पर विभागीय पत्रांक–586, दिनांक 24.3.2009 एवं पत्रांक–149, दिनांक 17.01.2012 में निहित दिशा–निर्देश के आलोक में संबंधित संस्थानों द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित योग्यता एवं अर्हता धारित चयनित अतिथि सहायक प्राध्यापकों तथा योग्य अर्हता धारित चयनित अतिथि अनुदेशको / प्रयोगशाला सहायकों को अभियंत्रण पाठ्यक्रमों में प्रति सत्र विषयवार निर्धारित व्याख्यान की सीमा के अन्तर्गत उनके द्वारा सम्पादित व्याख्यानों / प्रायोगिक / सात्रिक के लिए निर्धारित दर से मानदेय का भुगतान नियमानुसार किया जा सकेगा।

7. उक्त आवंटित राशि का दूसरे विषयशीर्षो में अपवर्तन कदापि नहीं किया जाय। यदि किसी विषयशीर्ष में राशि का व्यय संभावित नहीं हो तो उक्त विषयशीर्ष में आवंटित राशि का यथाशीध्र प्रत्यार्पण कर विभाग को वापस लौटा दिया जाय।

8. विभिन्न विषय शीर्षो में राशि की निकासी हेतु विपत्रों के उपस्थापन के क्रम में कृपया यह सुनिश्चित किया जाय कि विपत्रों पर समुचित आयोजना भिन्न, कोड संख्या सहित शीर्षो का नाम, मॉग संख्या, विपत्र कोड तथा कुट संख्या सहित विषयशीर्षो के नाम का सुस्पष्ट उल्लेख रहे ताकि महालेखाकार बिहार, पटना के कार्यालय में विपत्रों के पोस्टिंग में सुविधा हो सके।

9. स्वीकृत्यादेश/आवंटनादेश तथा विपत्रों में कोड संख्या अनिवार्य रूप से अंकित करने के संबंध में वित्त विभाग के पूर्व प्रेषित पत्रांक–280/वि0, दिनांक 29.03.2003 में अंकित दिशा–निर्देशों का आक्षरशः अनुपालन किया जाय।

10. व्यय विवरणी टी0 भी0 नं0 एवं तिथि सहित प्रत्येक माह के 7(सात) तारीख तक महालेखाकार, बिहार, पटना एवं अधोहस्ताक्षरी को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेगें।

11. इसमें प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

अनु0–यथावर्णित।
1(एक) पृष्ठ में।

विश्वासभाजन

ह०/ –

**(अतुल सिन्हा)**
निदेशक
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक – वि०प्रा०(III) ब$^{3}$ –13/2016– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – महालेखाकार (ले० एवं हक०) बिहार, पटना/महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–यथावर्णित।
1(एक) पृष्ठ में।

ह०/ –
निदेशक

ज्ञापांक – वि०प्रा०(III) ब$^{3}$ –13/2016– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – कोषागार पदाधिकारी, सुपौल/जमुई/बांका/कैमूर/मधेपुरा/टेकारी (गया)/दलसिंहसराय/गोपालगंज/शेखपुरा/मुंगेर/बिहारशरीफ (नालन्दा)/गया/डिहरी–ऑन–सोन/सहरसा/मोतिहारी/ कटिहार/ मुजफ्फरपुर एवं सचिवालय कोषागार, निर्माण भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–यथावर्णित।
1(एक) पृष्ठ में।

ह०/ –
निदेशक

ज्ञापांक – वि०प्रा०(III) ब$^{3}$ –13/2016– 1186/17 /पटना, दिनांक– 27/12/2016

प्रतिलिपिः– : प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग (लि०) कं०, विद्युत भवन, बेली रोड, पटना / उप निदेशक (यो०)/ आई०टी० मैनेजर (ई–मेल एवं विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु)/ एक अतिरिक्त प्रति गार्ड फाईल में संधारण हेतु (निर्गत शाखा, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु०–यथा वर्णित
1(एक) पृष्ठ में।

27.12.16
निदेशक

27/12/16

<u>विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार</u>

वित्तीय वर्ष 2016–17 में आयोजना भिन्न (गैर योजना) बजट के "मुख्य शीर्ष –2203–तकनीकी शिक्षा, उप मुख्यशीर्ष–00, लघुशीर्ष– 105–बहुशिल्प (पोलिटेकनिक) विद्यालय, उपशीर्ष –0001– प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम" के अधीन विभागान्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों के लिए अन्य विषयशीर्षों में 31 मार्च 2017 तक नियमानुसार व्यय हेतु अतिरिक्त की आवंटन विवरणी:–

मांग संख्या – 43, विपत्र कोड – एन 2203001050001 राशि

| विषय शीर्ष | रा. पो. राघोपुर (सुपौल) | रा. पो. जमुई | रा. पो. बांका | रा. पो. कैमुर | रा. पो. मधेपुरा | रा. पो. टेकारी (गया) | का.ना.रा.पो. समस्तीपुर | ब्र.कि.ना. रा. पो. गोपालगंज | रा.पो. शेखपुरा | रा.पो. मुंगेर | रा.पो. अस्थावां | रा.पो. गया | रा. पो. डिहरी–ऑन –सोन | रा. पो. सहरसा | रा. पो. मोतिहारी | रा. पो. कटिहार | रा. म. पो. पटना | रा. म. पो. मुजफ्फरपुर | अतिरिक्त आवंटित कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 13 04 विद्युत प्रभार | 600000 | 300000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 800000 | 800000 | 0 | 0 | **2500000** |
| 28 01 व्यावसायिक एवं विशेष सेवाएँ | 850000 | 850000 | 850000 | 850000 | 850000 | 850000 | 850000 | 850000 | 850000 | 850000 | 500000 | 850000 | 250000 | 250000 | 800000 | 800000 | 300000 | 350000 | **12600000** |
| कुल योग | **1450000** | **1150000** | **850000** | **850000** | **850000** | **850000** | **850000** | **850000** | **850000** | **850000** | **500000** | **850000** | **250000** | **250000** | **1600000** | **1600000** | **300000** | **350000** | **15100000** |
| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) | (ज) | (झ) | (ञ) | (त) | (थ) | (द) | (ध) | (न) | (य) | (र) | (ल) | (व) |

(क) चौदह लाख पचास हजार रूपये मात्र।
(ख) ग्यारह लाख पचास हजार रूपये मात्र।
(ग) आठ लाख पचास हजार रूपये मात्र।
(घ) आठ लाख पचास हजार रूपये मात्र।
(ङ) आठ लाख पचास हजार रूपये मात्र।
(च) आठ लाख पचास हजार रूपये मात्र।
(छ) आठ लाख पचास हजारं रूपये मात्र।
(ज) आठ लाख पचास हजार रूपये मात्र।
(झ) आठ लाख पचास हजार रूपये मात्र।
(ञ) आठ लाख पचास हजार रूपये मात्र।
(त) पांच लाख रूपये मात्र।
(थ) आठ लाख पचास हजार रूपये मात्र।
(द) दो लाख पचास हजार रूपये मात्र।
(ध) दो लाख पचास हजार रूपये मात्र।
(न) सोलह लाख रूपये मात्र।
(य) सोलह लाख रूपये मात्र।
(र) तीन लाख रूपये मात्र।
(ल) तीन लाख पचास हजार रूपये मात्र।
(व) एक करोड़ इक्यावन लाख रूपये मात्र।

27.12.16
निदेशक
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग
बिहार, पटना।

27/12/16